# संकट हरलो बांह में भरलो आओ दीनानाथ बता क्या देरी है

संकट हरलो बांह में भरलो,
आओ दीनानाथ बता क्या देरी है,
श्याम बता क्या देरी है,
श्याम बता क्या देरी है।**bd**।

तर्ज – श्याम खता क्या मेरी है।

---

आ जाओ प्रभु आ जाओ,
देर भला क्यों करते हो,
बालक तेरे बिलखते है,
ध्यान तुम्हारा धरते है,
सिर पे उनके हाथ फिरा दो,
कर दो बेड़ा पार,
बता क्या देरी है।**bd**।

---

कैसा संकट आया है,
हर प्राणी घबराया है,
कैसी तेरी माया है,
जग सारा भरमाया है,
अब तो अपने हाथ उठाओ,
आन पड़ा हूँ द्वार,
बता क्या देरी है।**bd**।

---

श्याम के चाहने वालो को,
और कोई दरकार नहीं,
तू ही सहारा है उनका,
और कोई सरकार नहीं,
‘मोनू’ की बस यही है विनती,
रख लो सबकी लाज,
**Bhajan Diary Lyrics,**
बता क्या देरी है।**bd**।

---

संकट हरलो बांह में भरलो,
आओ दीनानाथ बता क्या देरी है,
श्याम बता क्या देरी है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com